**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3504**

**15 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए**

## फेरो स्क्रैपनिगम लिमिटेड की नई इकाई

**3504. श्रीमती कोथापल्ली गीता:**
**श्री जे. सी. दिवाकर रेड्डी:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विशाखापतनम सहित देश में फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के तहत कतिपय नई इकाइयों की स्थापना का प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी स्थान-वार ब्यौरा क्या है और इनकी वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात और खान राज्य मंत्री** **श्री विष्णु देव साय**

(क) और (ख): फैरो स्क्रैप निगम लिमिटेड (एफएसएनएल) और स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील प्लांट (वीआईएसपी), भद्रावती (कर्नाटक) यूनिट ने सेल की वीआईएसपी, भद्रावती यूनिट में स्क्रैप और स्लैग की प्रोसेसिंग और रिकवरी के लिए एक नई यूनिट की स्थापना हेतु दिनांक 4.11.2014 को एक करार किया है। विशाखापट्टणम में नई यूनिट की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है।

***